# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 03.05.2025**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।**

**जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में तहसील मोहम्मदी में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का किया गया आयोजन; फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया**





आज माह के प्रथम शनिवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा तहसील मोहम्मदी पर उपस्थित रहकर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रो का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसील मुख्यालय में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

**<u>थाना नीमगांव पुलिस व सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा, 06 अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए, लूट की घटना का किया गया सफल अनावरण</u>**

**<u>अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 2,52,000 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा-खोखा कारतूस आदि बरामद</u>**



लखीमपुर खीरी, 03 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), प्रकाश कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मितौली के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नीमगांव के नेतृत्व में थाना नीमगांव पुलिस व सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 138/25 धारा 310/317(3) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए 06 अंतर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के 2,52,000 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं अवैध तमंचा-कारतूस आदि बरामद किया गया।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>**
दिनांक-25.04.25 को थाना नीमगांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुलौला के पास मोटरसाईकिल सवार अपराधियों द्वारा पिकअप नं0 UP 31 T 7127 को रोककर तमंचा दिखाते हुए डरा धमकाकर महोली, जनपद सीतापुर निवासी गुड़ व्यपारी के मुनीम से 4,35,000 रुपये लूट लिये गए थे, जिसके सम्बन्ध में थाना नीमगांव पर अभियोग पंजीकृत हुआ था।

विवेचना के क्रम में पुलिस द्वारा वादी मुकदमा, गुड़ व्यापारी एवं मजदूरों से पूछताछ की गई। पूछताछ से प्रथम दृष्टया ही लगा कि इस घटना में व्यापारी के ही किसी नजदीकी व्यक्ति का हाथ है। पुलिस द्वारा अपराधियों के आने के रास्ते की सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए अन्य साक्ष्य संकलित किये गए, जिससे घटना में सेठ के ही मजदूर राकेश व रोहित द्वारा मुखबिरी कर महोली सीतापुर व हरदोई के 05 अपराधियों से उक्त घटना को कारित कराया गया। आज दिनांक-03.05.2025 को घटना में शामिल कुल 06 अपराधियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से लूट के 2,52,000 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व तमंचा-कारतूस आदि बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1-अटल वाजपेयी पुत्र कमल किशोर वाजपेयी नि0 चमारनटोला कस्बा व थाना महोली जनपद सीतापुर

2-विशाल अवस्थी पुत्र राकेश अवस्थी नि0 अमेठिया थाना टडियावा जनपद हरदोई

3-सूरज पुत्र राम सिंह नि0 चमारनटोला कस्बा व थाना महोली जनपद सीतापुर

4-सत्यम पुत्र अरविन्द दीक्षित नि0 ग्राम अमेठिया थाना टडियावा जनपद हरदोई

5-राकेश कश्यप पुत्र छोटेलाल कश्यप नि0 सुनारनटोला कस्बा व थाना महोली जनपद सीतापुर

6-रोहित सक्सेना पुत्र विश्रामलाल सक्सेना नि0 चमारनटोला कस्बा व थाना महोली जनपद सीतापुर

**फरार अभियुक्त का विवरण-**

चमन पाठक पुत्र रामलखन पाठक नि0 ग्राम जयराजपुर थाना टडियावा जनपद हरदोई

**बरामदगी का विवरण-**

2,52,000 रुपये नगद

02 अवैध तमंचा 315 बोर

02 खोखा कारतूस 315 बोर

घटना में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसाईकिल (बिना नंबर प्लेट)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-1**

1-प्र0नि0 थाना नीमगांव, आलोक कुमार धीमान

2-उ0नि0 जितेन्द्र पाल सिंह (थाना नीमगांव)

3-उ0नि0 सिद्धान्त पवार (थाना नीमगांव)

4-का0 कौशिन्दर कुमार (थाना नीमगांव)

5-का0 मनीष कुमार (थाना नीमगांव)

6-का0 मोनू कुमार (थाना नीमगांव)

7-का0 विकास कुमार(थाना नीमगांव)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-2**

1-प्र0नि0 स्वाट टीम, आलोक कुमार सिंह

2-हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह (स्वाट टीम)

3-का0 ओम मिश्रा (स्वाट टीम)

4-का0 गोल्डन (स्वाट टीम)

5-का0 विकास चौहान (स्वाट टीम)

6-का0 विकास यादव (स्वाट टीम)

7-का0 सिकन्दर (स्वाट टीम)

8-का0 मेहताब आलम (सर्विलांस टीम)

9-हे0का0 चालक, संजय कुमार (सर्विलांस टीम)

**थाना पलिया पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त जफर शाह पुत्र पप्पू शाह को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-03.05.2025 को थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 157/25 धारा 2b/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त जफर शाह पुत्र पप्पू शाह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त जफर शाह गैंग का सरगना है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी करने से अपराध कारित कर अनुचित धन उपार्जन करना का अभ्यस्त अपराधी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

जफर शाह पुत्र पप्पू शाह नि0मो0 माहीगिरान प्रथम कस्बा व थाना पलिया खीरी

**गिरफ्तार अभियुक्त जफर शाह पुत्र पप्पू शाह का आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0 356/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, थाना पलिया खीरी

2-मु0अ0सं0 358/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(3) बीएनएस, थाना पलिया खीरी ।

3-मु0अ0सं0 360/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(3) बीएनएस, थाना पलिया खीरी ।

4-मु0अ0सं0 157/25 धारा 2(b)(i)/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 थाना पलिया खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-व0उ0नि0 श्री रामजीत यादव
2-हे0का0 घनश्याम शर्मा
3-का0 उपेन्द्र कुमार

## थाना गोला पुलिस द्वारा, दुर्गा माता की प्रतिमा खण्डित किये जाने की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त अशोक कुमार गौतम को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-03.05.2025 को थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-277/25 धारा 298 बीएनएस में वांछित अभियुक्त अशोक कुमार गौतम पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू नि0 बहारगंज थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-28.04.25 को थाना गोला क्षेत्रान्तर्गत बहारगंज में दुर्गा माता की प्रतिमा खण्डित करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 277/25 धारा 298 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना से गांव व आस-पास के क्षेत्र के जनमानस में तनाव व्याप्त होने के कारण साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। उपरोक्त घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा सघन सुरागरसी/पतारसी करते हुए घटना कारित करने वाले एक व्यक्ति अशोक कुमार गौतम पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू नि0 बहारगंज थाना गोला जनपद खीरी का नाम प्रकाश मे आया। अशोक कुमार गौतम उपरोक्त शराबी एवं आपराधिक किस्म का व्यक्ति है जिसके द्वारा शराब के नशे मे रात्रि में मन्दिर मे जाकर दुर्गा माता की प्रतिमा को खण्डित कर दिया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अशोक कुमार गौतम पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू नि0 बहारगंज थाना गोला जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-नि0अ0 रवीन्द्र कुमार पाण्डेय
2- व0उ0नि0 देवेन्द्र कुमार सिंह
3-उ0नि0 अरविन्द कुमार मौर्य
4-उ0नि0 राजीव कुमार शुक्ला
5-का0 ओम असीम यादव
6- का0 वीरेन्द्र कुमार
7-का0 भरत कुमार
8-का0 शिवचन्द्र यादव

**थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 0233/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त इम्तियाज पुत्र महताब को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-03.05.2025 को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0233/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त इम्तियाज पुत्र महताब निवासी ग्राम कचियानी थाना मितौली थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1.इम्तियाज पुत्र महताब निवासी ग्राम कचियानी थाना मितौली थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी उम्र करीब 20 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

1.उ0नि0 श्री श्रवण कुमार, थाना फूलबेहड जिला खीरी
2.हे0का0 अखिलेश मौर्य. थाना फूलबेहड जनपद खीरी

**<u>थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 097/2025 धारा 137(2)/87/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामबाबू पुत्र बनवारी गौतम को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-03.05.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 97/2025 धारा 137(2)/87/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामबाबू पुत्र बनवारी गौतम उम्र 22 वर्ष नि0ग्राम दीक्षितपुर थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय भेजा गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>**

1.रामबाबू पुत्र बनवारी गौतम उम्र 22 वर्ष नि0ग्राम दीक्षितपुर थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>**

1.उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र,

2.का0 इकराम खां,

3.का0 अजय कुमार समस्त थाना मैगलगंज खीरी।

**<u>थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 125/2025 धारा 124(1) BNS में वांछित अभियुक्त मुमताज पुत्र फैय्याज को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-03.05.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 125/2025 धारा 124(1) BNS में वांछित अभियुक्त मुमताज पुत्र फैय्याज उम्र करीब 65 वर्ष नि0पुरानी बस्ती कुम्हारन टोला थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय भेजा गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>**

1.मुमताज पुत्र फैय्याज उम्र करीब 65 वर्ष नि0पुरानी बस्ती कुम्हारन टोला थाना मैगलगंज जनपद खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**

1.उ0नि0 राजपाल सिंह,

2.का0 देवेन्द्र सिंह समस्त थाना मैगलगंज खीरी।

# थाना नीमगांव पुलिस द्वारा अभियुक्त रचित मिश्रा पुत्र अमित कुमार मिश्रा को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.05.2025 को थाना नीमगांव पुलिस द्वारा अभियुक्त रचित मिश्रा पुत्र अमित कुमार मिश्रा निवासी ग्राम जम्हौरा थाना नीमगांव जनपद खीरी को ग्राम सिकन्दराबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना नीमगांव पर मु0अ0सं0 150/2025 धारा 9/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

रचित मिश्रा पुत्र अमित कुमार मिश्रा निवासी ग्राम जम्हौरा थाना नीमगांव जनपद खीरी

**बरामदगी विवरण-**

01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली पलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 आशीष सहरावत चौकी प्रभारी सिकन्दराबाद थाना नीमगांव जनपद खीरी
2. हे0का0 श्रवण कुमार थाना नीमगांव जनपद खीरी
3. हे0का0 जयप्रकाश थाना नीमगांव जनपद खीरी
4. का0 सोमनाथ थाना नीमगांव जनपद खीरी

## थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर अभियुक्त सुरेन्दर उर्फ छोटकऊ गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस द्वारा अभियुक्त सुरेन्दर उर्फ छोटकऊ पुत्र मोहन नि0 मगरौली, सुजईकुण्डा थाना धौरहरा जनपद खीरी को 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना धौरहरा पर मु0अ0सं0 363/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही

1. थाना सिंगाही पुलिस द्वारा, अ0सं0 08/18 धारा 60(2) आबकारी अधि0 व 272 भादवि में वारंटी अभियुक्त परागी पुत्र मंगरे नि0 ग्राम इच्छानगर थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 110 लीटर अवैध शराब बरामद कर 06 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **110 लीटर** अवैध कच्ची शराब व 01 अदद शराब भट्टी बरामद कर **06 नफर** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **06 अभियोग** पंजीकृत किया गया।